सेठों के सेठ श्याम धणी | By Chham Johri

सेठों के सेठ हो तुम मेरे श्याम धणी
तेरी मोरछड़ी की है सकलाई बड़ी
तू दिलवाला दातारी है ....

तुझसे ना दूजा देखा सांवरे यहाँ
तुझसे ही मांगे आके सारा जहाँ
सारे जग का तू ही पालनहारा है
हारे का बाबा तू ही सहारा है
सहारा है ....
खुशियां देकर तोड़ी दु:ख की हथकड़ी
सेठों के सेठ हो तुम मेरे श्याम धणी

तेरी मोरछड़ी जिसके सर पे पड़ती
दुखते मिटाती करामात करती
हाथों में तुम्हारे जब ये लेहराएँ
देख मुसीबत मोरछड़ी को घबराये
हाँ घबराये..........
है जादूगरी बाबा तेरी मोरछड़ी
सेठों के सेठ हो तुम मेरे श्याम धणी

लीलाधारी लीले असवारी हो
शीश के दानी कलयुग अवतारी हो
इस कलयुग के देव तुम निराले हो
कुंदन प्रेमियों के रखवाले हो
रखवाले हो ....
चमके किस्मत जिसपे तेरी नज़रें पड़ी
सेठों के सेठ हो तुम मेरे श्याम धणी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a5%87%e0%a4%a0%e0%a5%8b%e0%a4%82-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%b8%e0%a5%87%e0%a4%a0-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a7%e0%a4%a3%e0%a5%80-by-chham-johri/